कक्षा-तीसरी | | विषय- हिंदी

नाम---------- अभ्यास कार्यपत्र-३ रोल न०-

---

प्रश्न०१- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

एक जंगल में एक भेड़िया रहता था | खाने की तलाश में वह शहर की ओर चल पड़ा| रास्ते में उसकी मुलाकात एक टॉमी नामक कुत्ते से हो गई |टॉमी से उसकी दोस्ती हो गई |भेड़िया ने टॉमी से पूछा, तुम क्या काम करते हो?टॉमी ने कहा कि मैं अपने मालिक के घर की रखवाली करता हूँ और घर में आने जाने वालों पर भौंकता हूँ |भेड़िया ने पूछा कि हम रोज़ कहाँ मिल सकते हैं ?

(क) भेड़िया कहाँ रहता था ?

(ख) रास्ते में उसकी मुलाकात किससे हुई ?

(ग) भेड़िया ने टॉमी से क्या पूछा ?

(घ) गद्यांश में से चुनकर संयुक्त अक्षर वाले (कोई २) शब्द लिखिए:

(१)______ (२) ________

प्रश्न२-नीचे लिखे विषय पर ६ से ७ वाक्यों का अनुच्छेद लिखिए:

(क) हमारा तिरंगा

प्रश्न३- उचित (संज्ञा) शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए:-

(क) मैं रोज़ _____ पर सोता हूँ |

(ख) मेरी मनपसंद _____लाल रंग की है |

कृ०पृ०उ०

(ग) मछली_______के बिना जीवित नहीं रह सकती है |

(घ) हमें गर्मी_______ से मिलती है |

(ङ) गाय हमें मीठा_______देती है |

प्रश्न४- नीचे लिखे वाक्य सही हैं या गलत लिखिए:-

(क) सचिन तेंदुलकर विशेष व्यक्ति का नाम है |

(ख) दिल्ली भाव का नाम है|

(ग) विद्यालय स्थान का नाम है|

(घ) मीठा भाव का नाम है |

प्रश्न५-अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए:-

(क) बिमारी_______ (ख) वापिस_________(ग) तिथी___________

(घ) अवाज__________(ङ) बागीचा ________(च) त्यौहार_________

(छ) परिक्षा _________(ज) इसलीए________(झ) कबतुर _________